सी एम एफ आर आइ समाचार
CMFRI Newsletter
सं. 116, अक्तूबर - दिसंबर 2007
No. 116, October - December 2007

## CONTENTS


| | |
|---|---|
| Union Minister's Visit | 01 |
| New Assignments | 02 |
| Research Highlights | 02 |
| New Heights | 09 |
| New Research Initiatives | 10 |
| Academic News | 10 |
| Institute Publications | 10 |
| Transfer of Technology | 12 |
| Science Camp Organized | 13 |
| Participation in Exhibitions | 14 |
| Human Resource Development | 14 |
| Official Language Implementation | 15 |
| In-house Events | 16 |
| Income Generation | 18 |
| Personalia | 18 |
| Programme Participation | 19 |
| Appointments | 23 |
| Promotions/Transfers/Retirements | 23 |



EDITORIAL BOARD

**Dr. N.G.K. Pillai**
Director

**Dr. E. Vivekanandan**
Head, DFD

**Dr. R. Sathiadas**
Head, SEETTD

**Dr. K.K. Vijayan**
Head, PNPD

EDITORS

**Dr. K. Vinod**
Sr. Scientist

**Sh. N.K. Sanil**
Scientist (SG)

SECRETARIAL ASSISTANCE

**Sh. P.S. Anilkumar**
Technical Officer

HINDI TRANSLATION

**Smt. E.K. Uma**
Technical Officer


# VISIT OF HON'BLE UNION MINISTER FOR AGRICULTURE SHRI SHARAD PAWARJI

Hon'ble Union Minister for Agriculture, Consumer Affairs, Food and Public Distribution Shri Sharad Pawarji visited CMFRI, Cochin on 4th January 2008 in connection with the Diamond Jubilee celebrations. The Union Minister inaugurated the Diamond Jubilee Block of the Institute and also visited the hatchery, museum, ATIC and various laboratories of the Institute and interacted with the staff.

While addressing the gathering, he praised the services rendered by CMFRI during the past six decades for the development of marine fisheries sector in the country. He also stated that threats including climate change would pose serious challenges to the food security of the country and called upon the researchers to rise to the occasion to face the emerging challenges. Shri Sharad Pawarji stressed that a holistic approach

# माननीय कृषि, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण का केंद्र मंत्री श्री शरद पवार जी का मुआइना

माननीय कृषि, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण का केंद्र मंत्री श्री शरद पवारजी ने सी एम एफ आर आइ के हीरक जयंती समारोह के सिलसिले में दिनांक 4 जनवरी, 2008 को संस्थान का मुआइना किया। केंद्र मंत्री ने संस्थान के हीरक जयंती ब्लोक का उद्घाटन किया और स्फुटनशाला, संग्रहालय, ए टी आइ सी तथा विभिन्न प्रयोगशालाओं का मुआइना करके कर्मचारियों के साथ विचार विनिमय किया।

हीरक जयंती समारोह के सिलसिले में आयोजित कार्यक्रम में सभा का संबोधन करते हुए उन्होंने पिछले छह वर्षों के दौरान देश के समुद्री मात्स्यिकी क्षेत्र के विकास के लिए सी एम एफ आर आइ द्वारा दी गयी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी व्यक्त किया कि जलवायु परिवर्तन सहित कई धमकियाँ देश की खाद्य सुरक्षा में होने वाली गंभीर चुनौतियाँ है और इन उद्गामी चुनौतियों का सामना करने के लिए अवसर के अनुसार काम करने के लिए उन्होंने अनुसंधानकारों का आह्वान किया।




**Dignitaries on the dais along with the Union Minister Shri Sharad Pawar**

**Central Marine Fisheries Research Institute**
**P.B. No. 1603, Ernakulam North P.O. Cochin - 682 018**
**www.cmfri.org.in**

is imperative to develop multiple linkages in fisheries sector which would pave way for equitable sharing of benefits among the different stake holders.

Shri Pawarji launched the new website of the Institute (www.cmfri.org.in) and released the special publications and a special postal cover commemorating the Diamond jubilee.



**Union Minister visiting the exhibits and interacting with the scientists**

Shri S. Sarma, Fisheries Minister, Govt. of Kerala was the guest of honour during the function presided by Dr. Mangala Rai, Secretary, DARE and Director General ICAR. Dr. S. Ayyappan DDG (Fisheries) welcomed the gathering. Shri Sebastian Paul, MP, Prof. Mercy Williams, Worshipful Mayor of Kochi, and Prof. (Dr.) Mohan Joseph Modayil, Member, ASRB gave the felicitations. Dr. N. G. K. Pillai, Director CMFRI proposed the vote of thanks.

श्री शरद पवारजी ने ज़ोर दिया कि मात्स्यिकी सेक्टर में विभिन्न पणधारियों को लाभ समतुल्य रूप से बांटे जाने के लिए एक साकल्यवादी अभिगम का विकास किया जाना चाहिए।

श्री शरद पवारजी ने संस्थान के नए वेब साइट (www.cmfri.org.in) का लाँचिंग किया और संस्थान के विशेष प्रकाशनों और हीरक जयंती स्मारक विशेष डाक कवर का विमोचन किया।

श्री एस. शर्मा, मात्स्यिकी मंत्री, केरल सरकार सभा का माननीय अतिथि और डॉ. मंगला राय, सचिव, डेयर और महानिदेशक, भा कृ अनु प अध्यक्ष रहे। डॉ. एस. अय्यप्पन, उप महानिदेशक (मात्स्यिकी) ने सभा का स्वागत किया। श्री सेबास्टियन पोल, सांसद, प्रोफसर मेर्सी विल्यम्स, कोचीन नगर का पूज्य मेयर और प्रोफसर (डॉ.) मोहन जोसफ मोडयिल, सदस्य, ए एस आर बी ने बधाई भाषण पेश किए। डॉ. एन.जी.के. पिल्लै, निदेशक, सी एम एफ आर आइ ने कृतज्ञता ज्ञापन किया।

## NEW ASSIGNMENTS

- Prof. (Dr.) Mohan Joseph Modayil, Director, CMFRI left CMFRI on 7th December 2007 after serving the Institute as Director for over 7 years to join as Member, Agricultural Scientists Recruitment Board, New Delhi.
- Dr. N.G.K. Pillai, Principal Scientist & Head, Pelagic Fisheries Division took over as Director, CMFRI on 7th December 2007.



**Dr. Mohan Joseph Modayil**



**Dr. N.G.K. Pillai**

## नए सुपुर्द काम

- प्रोफसर (डॉ.) मोहन जोसफ मोडयिल, निदेशक, सी एम एफ आर आइ ने 7 वर्ष संस्थान के निदेशक के पद पर सेवारत होने के बाद 7 दिसंबर 2007 को कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, नई दिल्ली के सदस्य के रूप में कार्यग्रहण किया।
- डॉ. एन.जी.के. पिल्लै, प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, वेलापवर्ती मात्स्यिकी प्रभाग ने 7 दिसंबर 2007 को सी एम एफ आर आइ के निदेशक का कार्यभार संभाल कर लिया।

## RESEARCH HIGHLIGHTS

### Success in captive breeding of Redhead Dottyback *Pseudochromis dilectus*

The Redhead Dottyback, *Pseudochromis dilectus* was successfully bred in captivity in the marine hatchery of CMFRI, Cochin. This is one of the highly valued species in the aquarium trade due to their small size, hardiness, colour, quick adaptability to life in aquaria and compatibility.

***Sexual dimorphism***: The males are reddish, elongate and slender, while the




**Plate 1. A pair of *P. dilectus***

## अनुसंधान अगवाड़ा

### लाल सिर वाले डोटीबैक *स्यूडोक्रोमिस डायलेक्टस* के प्रग्रहण अवस्था प्रजनन में सफलता

सी एम एफ आर आइ, कोचीन की समुद्री स्फुटनशाला में लाल सिर वाले डोटीबैक, *स्यूडोक्रोमिस डायलेक्टस* का प्रग्रहण अवस्था में प्रजनन सफल रूप से किया गया। छोटा आकार, दृढ़ता, रंग और जलजीवशाला की जीवन स्थिति में शीघ्र अनुकूलनशीलता की वजह से यह जलजीवशाला विपणन में उच्च मूल्य प्राप्त की जाने वाली मछली जाति है।

***लैंगिक द्विरूपता***: इस जाति का नर मछली लाल रंग

females are dark green and smaller in appearance, with a plumpy abdomen.

***Pair formation***: The fishes ranging from 70 to 120 mm total length were stocked in glass aquaria for six months for pair formation (Plate 1). They were fed with prawn meat and adult artemia daily.

***Reproductive behaviour***: Few days prior to spawning, the male started making a burrow. Spawning was preceded by an obvious distension of the female's abdomen. At this time, the male chases the female and displays "leading behavior," during which the male repeatedly approaches the female, stops and turns in front of her, then swims back to the chosen spawning site. This courtship behavior lasted for one hour, after which the female follows the male into its burrow and spawning takes place.

***Spawning***: Spawning first took place on 30th November 2007 and successive spawnings were obtained at every 6 to 15 days interval. Spawning usually occurred during morning and lasted for one to two hours, during which the female produced a ball-shaped egg mass while remaining upside down in the burrow. Once the egg mass (Plate 2) sank to the bottom of the burrow, the male chased off the female and started taking care of the eggs until hatching.



**Plate 2. Male *P. dilectus* with the egg cluster in the burrow**

***Egg morphology***: A single female released 400 to 500 eggs, which were inter-connected by fine threads (Plate 3). Size of the individual eggs varied between 1743 and 1919 μm. The egg ball was not attached to the substrate but remains free inside the burrow. The incubation period lasted for 96 hours at a temperature of 27 to 28°C. Initially the eggs were transparent and by the third day, eyes appeared as black spots which became silvery by the fourth day (Plate 4).




**Plate 3. Microscopic view showing fine thread connection in eggs**

***Parental care***: During incubation, the male cared the egg bunch intensively until hatching. During day time, the male was observed to swim frequently in and out of the nest, circling several times around the egg ball and lifting it from the nest bottom with its tail and snout. At night, the male appeared to be continuously inside the nest.

***Hatching***: Hatching took place in the evening of the 4th day after spawning. The




**Plate 4. Microscopic view of egg just before hatching (96 h.p.f)**

और लंबे आकार का है और मादा मछली गहरा हरा रंग, छोटा आकार और मोटा उदर वाली है।

***जोडी मिलाना***: लगभग 70 से 120 मि.मी. की कुल लंबाई परास की मछलियों को जोडी मिलाने के लिए छह महीने तक कांच के जलजीवशाला टैंकों में संग्रहित किया गया। इनको खाने के लिए प्रतिदिन झींगा मांस और प्रौढ आर्टीमिया दिए जाते हैं।

***पुनरुत्पादन स्वभाव***: अंडजनन से कुछ दिन पहले नर मछली बिल बनाना शुरू करता है। अंडजनन से पहले मादा मछली का उदर फूल जाता है और इस वजह से उदर का आकार विरूप होता है। इस समय नर मछली मादा के पीछे बार बार भाग जाता है और "नेतापन स्वभाव" दिखाता है। इस तरह भागते हुए और अपना शरीर लहराते हुए पहले बनाए गए बिल तक मादा को आकर्षित करता है। इस तरह का प्रेमालाप एक घंटे तक होता रहता है और इसके बाद मादा मछली नर मछली के पीछे बिल के अंदर जाती है और वहाँ अंडजनन संपन्न होती है।

***अंडजनन***: दिनांक 30 नवंबर, 2007 को पहला अंडजनन हुआ और हर 6 से 15 दिनों के अंतराल में अनुक्रमिक अंडजनन संपन्न हो गए। साधारणतया सुबह के समय अंडजनन शुरू होकर एक या दो घंटे में समाप्त होता है, तब मादा मछली गेंद के आकार के अंड समूह को उत्पन्न करती है, जो ऊपर भाग नीचे के रूप में रह जाता है। अंड समूह बिल के नीचे डूब जाता है (प्लेट - 2) और नर मछली अंडस्फुटन तक अंडों का देखभाल करता रहता है।

***अंड का आकृति विज्ञान***: एक मादा मछली लगभग 400-500 अंडों का जन्म देती है और ये अंड एक दृढ़ सूत्र से आपस में बंधित है (प्लेट-3)। हर एक अंड का आकार लगभग 1743 और 1919 μm के बीच में है। अंड समूह धरातल पर संलग्न नहीं हैं और बिल में स्वतंत्र रहता है। लगभग 96 घंटे में 27 से 28°C के तापमान में निषेचन होता है। पहले अंड पारदर्शी थे और तीसरे दिन से आँखें काली चित्ती के समान दिखती हैं जो चौथे दिन में रजत रंग से चमकने लगती हैं (प्लेट-4)।

***पिता द्वारा देखरेख***: निषेचन के दौरान नर मछली द्वारा संरक्षित अंड समूह निषेचन तक कुछ भी खाद्य स्वीकार नहीं करते हैं। दिन में नर मछली नीड में अंडों के पास आता रहता है। दो मिनट के बीच में वह बिल के अंदर प्रवेश करता है और कुछ देर अपने पुच्छ या प्रोथ से अंड समुच्चय को उठाता है। रात में वह पूरा समय अंडों के पास ही रहता है।

***स्फुटन***: अंडजनन के चौथे दिन शाम को स्फुटन हुआ और अंधकार ने स्फुटन को प्रेरित किया। अंधेरा होने के एक

larvae hatched almost synchronously within one hour after darkness and the emerging larvae (Plate 5) rotated in a clockwise direction.




**Plate 5. Hatching out of larvae**

***Larvae***: The newly hatched larvae had a total length ranging from 5.1 to 5.3 mm, having a very small yolk-sac and were positively phototactic (Plate 6). The body was transparent and the mouth gape measured 150 to 160 µm. First feeding started at 10 to 12 hrs after hatching. Initially, the larvae were fed with enriched rotifer *Brachionus rotundiformis* and subsequently with enriched *B. plicatilis*, copepod nauplii and artemia nauplii. By the 7th day, the larvae showed slight red pigmentation and measured 8 to 9 mm. By the 14th day, the larvae reached a pre-settlement stage with a total length of 10 mm and metamorphosed to juveniles in 35-40 days.

(*Dr. Rema Madhu, Dr. K. Madhu and Dr. G. Gopakumar, Mariculture Division*)

## World record of the rare female fairy basslet from the west coast of India




**Male**

Specimens of the rare fairy basslet, *Sacura boulengeri* (Heemstra, 1973), known otherwise as 'Boulenger's anthias' belonging to the subfamily Anthiinae (Family Serranidae) were collected from trawler and boat seine landings off Neendakara, Mumbai and Mangalore situated on the west coast of India. This is the third record of the occurrence of this species worldwide as the specimens were known previously only from six adult males recorded from the Gulf of Oman (5 nos.) and off Sindh, Pakistan (1 no.). The adult specimen of *Sacura boulengeri*, collected from the trawl catches off Neendakara forms the first female specimen ever recorded globally.

(*Marine Biodiversity Division*)

## High density grow-out of sand lobsters

A semi-enclosed intensive system with substrate bed trickling filter was successfully developed for high density grow-out of the sand lobster *Thenus orientalis* at Kovalam Field Laboratory,

घंटे में समकालिक रूप में पूरे डिंभकों का स्फुटन हो गया और स्फुटित डिंभक (प्लेट-5) दक्षिणावर्त दिशा में परिक्रमण करते हैं।




**Plate 6. Newly hatched larva**

***डिंभक***: नए स्फुटित डिंभक की कुल लंबाई का परास 5.1 से 5.3 मि.मी. है। पीतक कोष (योक सैक) छोटा होने वाले ये प्रकाशअनुचलित हैं (प्लेट - 6). शरीर पारदर्शी था और मुंह के दरार का मापन 150 से 160 µm तक था। स्फुटन के बाद 10 से 12 घंटे के अंदर डिंभक आहार लेना शुरु करते हैं। प्रारंभिक रूप से डिंभकों को संपुष्ट रोटिफर *ब्राकियोनस रोटन्डिफोर्मिस* और इसके बाद संपुष्ट *बी. पिकाटिलिस*, कोपीपोड नोप्ली और आर्टीमिया नोप्ली दिए जाते हैं। स्फुटन के बाद सातवां दिन डिंभक में थोडा लाल वर्णक दिखाए जाते हैं और 8 से 9 मि.मी. तक लंबे होते हैं. चौदहवां दिन डिंभक की कुल लंबाई 10 मि.मी. होती है और जमाव पूर्व (प्रीसेटिलमेन्ट) अवस्था तक पहुँच जाते हैं और 35-40 दिनों में किशोरों का कायांतरण हुआ।

(*डॉ. रमा मधु, डॉ. के. मधु और डॉ. जी. गोपकुमार, समुद्री संवर्धन प्रभाग*)

## भारत के पश्चिम तट से विरल मादा फेयरी बासलेट की प्राप्ति




**Female**

भारत के पश्चिम तट के नीन्डकरा, मुम्बई और मांगलूर में परिचालित आनायकों तथा नावों की पकड़ में उपकुटुम्ब आन्थिने (कुटुम्ब सेरानिडे) में आने वाली असाधारण फेयरी बासलेट, *साकुरा बौलेंगरी* (हीमस्ट्रा, 1973), जिसे 'बौलेंगेर्स आन्थियास' नाम से भी जाना जाता है, की उपस्थिति देखी गयी। विश्वव्यापक तौर पर यह इस नमूने की उपस्थिति की तीसरी रिकार्ड है क्योंकि इस से पहले ओमान की खाड़ी से (5 नमूने) और पाकिस्तान के सिन्ध से (एक नमूना) केवल छः प्रौढ़ नमूने प्राप्त हुए थे। नीन्डकरा में आनाय परिचालन की पकड में प्राप्त *साकुरा बौलेंगरी* का प्रौढ़ नमूना विश्वव्यापक रूप से प्राप्त प्रथम मादा नमूना है।

(*समुद्री जैव विविधता प्रभाग*)

## रेती महाचिंगटों की उच्च सान्द्रता पालन पद्धति

रेती महाचिंगट *थीनस ओरिएन्टालिस* के उच्च सान्द्रता में पालन के लिए धरातल-संस्तर क्षीण धारा निस्यंदन व्यवस्था सहित अर्ध आवृत गहन व्यवस्था विकसित की गयी और कोवलम क्षेत्र प्रयोगशाला में इसका परीक्षण किया गया। *टी. ओरिएन्टालिस*

Chennai. The seeds of *T. orientalis* of 20mm CL, 40mm TL and weighing approximately 5g each were stocked in two cement tanks of 12.5 sq.m floor space and 0.5 m depth. The systems were maintained with 30% water exchange, filter turnover ratio of over 8 times, pH 7.8 - 8.2, salinity 36-38 ppt and temperature range of 27-29ºC. Light was regulated by side screens and maximum darkness was provided. The bed was prepared using soft sand collected from the seashore. The seeds stocked were about 70-80 days old and the grow-out period was 250 days. The stocking density was 30 and 35 nos. per sq.m. in tanks 1 and 2 respectively. The sand lobsters were fed *ad libitum* with live marine wedge clams.



**High density grow-out of sand lobster**

A production of 2.5 - 3 kg per sq. m was obtained with a survival rate of 90-91%. More than 60% of the lobsters had attained commercial size. The growth rates obtained were 59-78 mm CL @ 0.16 to 0.20 mm per day, 155-179 mm TL @ 0.40 to 0.60 mm TL per day and 140-175 g @ 0.60 - 0.70 g per day which indicated that the species can be raised to commercial sizes in less than a year from the seed production stage.

(*Madras Research Centre*)

## Diversity of deep-sea demersal finfishes off North Andaman

The diversity of deep-sea demersal finfishes in the shelf edge off North Andaman at depths ranging from 300 to 700 m were studied as part of the MoES Funded project "Resource assessment and biology of deep sea fishes along the continental slope of India". Nine stations were surveyed by FORV *Sagar Sampada* using HSDT-CV and EXPO trawl nets. A total of 63 species of finfishes belonging to 53 genera, 42 families and 19 orders were recorded. The highest diversity and Margalef Species Richness index was recorded at South Sentinel with 25 species and lowest at North Sentinel with 3 species. *Priacanthus hamrur* dominated (26.4%) the catch followed by *Chlorophthalmus sp.* (23.8%).

(*Pelagic Fisheries Division*)

## Cage culture unit launched for the culture of *Caranx sexfasciatus* in Vizhinjam Bay

A cage culture unit was launched in Vizhinjam Bay on 22nd

के 20 मि.मी. की पृष्ठवर्म लंबाई, 40 मि.मी. की कुल लंबाई और लगभग 5 ग्राम भार वाले चिंगट संततियों को 12.5 वर्ग मीटर क्षेत्र और 0.5 मी की गहराई वाले सिमेन्ट टैंकों में संग्रहित किया गया। इस व्यवस्था को 30% जल विनिमय, 8 बार निस्यन्दक उलटाव अनुपात, PH 7.8 - 8.2, लवणता 36 - 38 पी पी टी और तापमान परास 27 - 29ºC में अनुरक्षण किया गया। टैंक के दोनों पार्श्वों में स्क्रीन रखकर प्रकाश का विनिमय करके अधिकतम अंधेरा प्रदान किया गया। समुद्र तट से संग्रहित मृदु रेत से टैंक का संस्तर सजाया गया। टैंक में लगभग 70 - 80 दिन की आयू वाले चिंगट संततियों का संभरण किया गया और पालन अवधि 250 दिन थी। दोनों टैंकों की संभरण सघनता क्रमशः टैंक - 1 में प्रति वर्ग मीटर के लिए 30 और टैंक - 2 में 35 थी। रेती महाचिंगटों को आहार के रूप में इच्छानुसार सजीव सीपी दी गयी।



**Harvested sand lobsters**

प्रति वर्ग मीटर से 90-91% की अतिजीवितता दर में लगभग 3.5-4.5 कि.ग्रा. महाचिंगटों का उत्पादन किया गया। इन में 60% से अधिक महाचिंगटों ने वाणिज्यिक आकार प्राप्त किया। बढ़ती दर प्रति दिन 0.16 से 0.20 मि.मी. की दर में 59 - 78 मि.मी. की पृष्ठवर्म लंबाई, प्रतिदिन 0.40 से 0.60 मि.मी. की दर में 155 - 179 मि.मी. की कुल लंबाई और प्रतिदिन 0.60 - 0.70 ग्राम की दर में 140 - 175 ग्राम के भार के साथ थी। इस से यह संकेत मिलता है कि एक वर्ष से कम अवधि के अंदर इस जाति को संतति की अवस्था से वाणिज्यिक आकार तक पालन किया जा सकता है।

(*मद्रास अनुसंधान केंद्र*)

## उत्तर आन्डमान में गभीर सागर तलमज्जी पख मछलियों की विविधता

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की निधिबद्धता की परियोजना "भारत के महाद्वीपीय ढाल की गभीर सागर मछलियों के संपदा निर्धारण और जीवविज्ञान" के भाग के रूप में उत्तर आन्डमान के उपतट कोर की 300 से 700 मीटर की गहराई की गभीर सागर तलमज्जी पख मछलियों की विविधता पर अध्ययन चलाया गया। एफ ओ आर वी *सागर संपदा* द्वारा एच एस डी टी - सी वी और EXPO आनाय जाल की उपयोगिता से नौ स्टेशनों में सर्वेक्षण किया गया। इस अध्ययन में 53 वंश, 42 कुटुम्ब और 19 ओर्डर की कुल 63 जातियों को पहचाना गया। दक्षिण सेन्टिनेल जहाँ 25 मछली जातियाँ मौजूद थी, को उच्च विविधता और मार्गलेफ स्पीशीस रिचनेस इन्डेक्स और उत्तर सेन्टिनेल जहाँ 3 मछली जातियाँ मौजूद थी, को कम विविधता के रूप में रिकार्ड किया गया। पकड में *प्रियाकान्तस हामरर* प्रमुख थे (26.4%) और इस के बाद *क्लोरोताल्मस* जाति (23.8%) की अधिकता थी।

(*वेलापवर्ती मात्स्यिकी प्रभाग*)

## विषिंजम उपसागर में *कैरांक्स सेक्सफासियाटस* के पालन के लिए पंजरा पालन एकक की स्थापना

विषिंजम उपसागर में 22 अक्तूबर 2007 को एक पंजरा पालन एकक की स्थापना

October 2007. The cage was of 3 m diameter and 4 m depth which was floated with the help of a wooden raft. The juveniles of *Caranx sexfasciatus* having an average length of 70 mm and weighing 9 g were stocked in the cages.

(*Vizhinjam Research Centre*)



**Cage culture unit in Vizhinjam Bay**

हुई। पंजर 3 मीटर के व्यास और 4 मीटर की गहराई का था। यह लकडी की बेडा की सहायता से पानी में प्लवमान था। पंजर में लगभग 70 मि.मी. की औसत लंबाई और 9 ग्राम भार वाले *कैरांक्स सेक्सफासियाटस* के किशोरों का संभरण किया गया।

(*विष़िंजम अनुसंधान केंद्र*)

## New additions to the Marine Aquarium at Vizhinjam

The blunt-horn lobster, *Palinustus waguensis* Kubo, 1963 collected from Vizhinjam waters has been added to the collections of Marine Aquarium at Vizhinjam.

(*Vizhinjam Research Centre*)



***Palinustus waguensis***

## विष़िंजम की समुद्री जलजीवशाला में नए नमूने

विष़िंजम समुद्र से संग्रहित ब्लन्ट होर्न महाचिंगट *पालिनूस्टस वॉगुएन्सिस* कुबो, 1963 को विष़िंजम की जलजीवशाला में जोड दिया गया।

(*विष़िंजम अनुसंधान केंद्र*)

## Heavy landings of Silver pomfret at Okha

At Okha, about 500-600 t of silver pomfrets *Pampus argenteus* was landed by the trawlers and gillnetters during October-November, 2007. The average catch per boat ranged between 200-500 kg. The cost of pomfret was Rs. 250-400/- per kg depending on the size and weight. The fish was transported to the processing plants at Veraval and Mumbai from where they were exported.

(*Veraval Regional Centre*)



**Silver pomfrets landed at Okha**

## ओखा में रजत पाम्फ्रेट का भारी अवतरण

ओखा में अक्तूबर - नवंबर, 2007 के दौरान आनायकों और गिलजालों से लगभग 500-600 टन रजत पाम्फ्रेट *पाम्पस अर्जेन्टियस* का अवतरण किया गया। प्रति नाव की औसत पकड का परास 200 - 500 कि.ग्रा. था। आकार और भार के अनुसार पाम्फ्रेट का भाव प्रति किलोग्राम के लिए 200 - 400 रुपए था। इन्हें वेरावल और मुम्बई के संसाधन स्थानों तक परिवहन किया गया जहाँ से इनका निर्यात किया जाता है।

(*वेरावल क्षेत्रीय केंद्र*)

## Flourishing trade on the air bladder of eels, catfishes, Ghol and Koth at Okha, Gujarat

At Okha, an established trade on the airbladder of fishes has been functioning. The swim bladders of Ghol, Koth, and eels are of the best qualities available and fetch very high market price owing to the huge export demand. Fish air bladder is mainly used for making Isinglass. The bladder of eel after extraction is immersed in chemical solution overnight to improve its colour and texture. In the case of Ghol, Koth and catfishes, the air bladder is trimmed before immersion. On removal from the solution, the airbladder of eel is inflated by blowing air into it and dried over raised bamboo platforms whereas others are dried as such. The processed air



**Processed airbladders of marine eels**

## गुजरात के ओखा में ईल, शिंगटी, घोल और कोथ के वाताशय का समृद्ध विपणन

ओखा मछलियों के वाताशय के विपणन के लिए सुस्थापित स्थान है। घोल, कोथ और ईल के स्विम ब्लाडर बेहत्तर गुणतायुक्त, उच्च बाज़ार भाव मिलनेवाले और उच्च निर्यात मांग होने वाले हैं। मछली वाताशय मुख्यतः आइसिंग्लास बनाने के लिए उपयुक्त किए जाते हैं। ईल के वाताशय को निचोडने के बाद रंग और संरचना बेहत्तर बनाने के लिए पूरी रात रासायनिक द्रव में डुबाकर रखा जाना चाहिए। घोल, कोथ और शिंगटियों के वाताशय कतरने के बाद रासायनिक द्रव में डुबाना चाहिए। द्रव से बाहर निकालने के बाद ईल के वाताशय वायू भरकर फुलाकर सुखाने के लिए खडा किए बाँस के धरातल में सुखाए जाने चाहिए बाल्कि अन्य मछलियों के वाताशय ऐसे ही सुखाए जाते हैं। संसाधित वाताशय सिंगपोर

bladder is exported to Singapore and Hong Kong. The air bladder of Ghol commands a premium price of upto Rs. 40000/- per kg.

(*Veraval Regional Centre*)

## Heavy landing of Bull's eye at Mangalore

Heavy landing of bull's eye, *Priacanthus hamrur* was observed at Mangalore Fisheries Harbour during October-December, 2007. The catch was utilised by processing plants for "*surumi*" preparation.

(*Mangalore Research Centre*)



***Priacanthus hamrur*** **landed at Mangalore Fisheries Harbour**

## Coral reef survey in Nethrani waters, Karnataka

An underwater survey was conducted in Nethrani waters off Murudeshwar, Karnataka. Seven species of hard corals belonging to the families Faviidae, Siderastreidae, Poritidae, Pocilloporidae and ornamental fishes belonging to families Chaetodontidae, Tetraodontidae, Scaridae, Scorpionidae, Pomacanthidae, Acanthuridae and Zanclidae were observed. The sharpnose puffer *Canthigaster solandri*, a rare species was also recorded. Molluscs belonging to families Tridacnidae, Osteridae, Conidae, Cypraeidae, Turbinidae, Trochidae, Strombidae and Volemidae were also present.



**Underwater transect survey in Nethrani waters**



**Sharpnose puffer, *Canthigaster solandri***

(*Mangalore Research Centre*)

## The Pufferfish *Lagocephalus inermis* fishery along the Mangalore Coast

*Lagocephalus inermis* (Temminck & Schlegel, 1850), commonly known as smooth blaasop was considered as a menace by the fishermen of Karnataka as it caused damage to the fishes and fishing nets. Of late, this fish has gained attention as a new fishery resource along the coast and an estimated total catch of 435 t was landed in 2007. The fishes are caught by multi-day trawlers, fishing at a depth of 80–100 m. The pufferfishes are sold in the harbour at a rate of Rs. 8-10 per kg. The fish is beheaded, viscera removed and the skin peeled off. It is then



**Puffer fish ready for processing**

और हॉंगकोंग को निर्यात किए जाते हैं। घोल के वाताशय को प्रति किलोग्राम के लिए लगभग 40000/- रुपए मिल जाते हैं।

(*वेरावल क्षेत्रीय केंद्र*)

## मांगलूर में बुल्स आइ का भारी अवतरण

मांगलूर के मात्स्यिकी पोताश्रय में अक्तूबर - दिसंबर, 2007 के दौरान बुल्स आइ *प्रियाकान्तस हामरर* का भारी अवतरण हुआ। पकड को "*सुरुमी*" तैयार करने के लिए उपयुक्त किया गया।

(*मांगलूर अनुसंधान केंद्र*)

## कर्नाटक के नेत्रानी द्वीप में प्रवाल भित्ति सर्वेक्षण

कर्नाटक के मुरुडेश्वर के नेत्रानी समुद्र में जलांदर सर्वेक्षण चलाया गया। सर्वेक्षण के दौरान फावीडे, सिडेरास्ट्रीडे, पोरिटिडे और पोसिल्लोपोरिडे कुटुम्बों की सात जाति कठोर प्रवाल और कीटोडोन्टिडे, टेट्राडोन्टिडे, स्कारिडे, स्कोर्पियोनिडे, पोमाकान्तिडे, एकान्तूरिडे और ज़ाक्लिडे कुटुम्बों की अलंकारी मछलियों की उपस्थिति भी व्यक्त हो गयी। असाधारण जाति नुकीला नाकवाला पफ़र (शार्पनोस पफर) *कान्तिगास्टर सोलन्ड्री* को भी दिखाया पडा। इनके अतिरिक्त ट्रिडाक्निडे, ओस्टेरिडे, कोनिडे, साइप्रिडे, टर्बिनिडे, ट्रोकिडे, स्ट्रोम्बिडे और वोलमिडे कुटुम्बों के मोलस्क नमूनों को भी पाया गया।

(*मांगलूर अनुसंधान केंद्र*)

## मांगलूर तट पर पफर मछली *लागोसेफालस इनेर्मिस* की मात्स्यिकी

*लागोसेफालस इनेर्मिस* (टेम्मिन्क & श्लेगेल, 1850) सामान्यतः स्मूत ब्लासोप नाम से जाना जाता है, की मात्स्यिकी कर्नाटक के मछुआरों के लिए संकटपूर्ण थी क्योंकि यह पकड की अन्य मछलियों और जाल को खराब करती थी। लेकिन बाद में, वर्ष 2007 में कुल 435 टन मछली प्राप्त होने पर इसको एक मात्स्यिकी के रूप में ध्यान दिए जाने लगा। बहुदिवसीय आनायकों द्वारा 80-100 मीटर की गहराई से इस मछली को पकडा गया और पोताश्रय में ही प्रति किलोग्राम केलिए 8-10 रुपए की दर में बेच दिया गया। इस मछली को सर काटकर, अंदर के सभी अंग निकालकर और

cured in salt (ratio 3:1) for one week, dried in sun for a day, packed and sent to Kerala. After processing, the price of the fish is Rs. 30-45 per kg.

(*Mangalore Research Centre*)

त्वचा छीलकर एक हफ्ते तक नमक (3 : 1 का अनुपात) में उपचार किया जाता है। इसके बाद एक दिन सूर्यतपन करके पैक किया जाता है और केरल में भेजा जाता है। संसाधन के बाद मछली का भाव प्रति किलोग्राम के लिए 30-45 रुपए है।

(*मांगलूर अनुसंधान केंद्र*)

### Balistids - an alternate commercial target fishery along Tuticorin coast

Leather jackets (Balistids), appear as large shoals during July/August along the Tuticorin coast. Earlier years, trawlers used to avoid places of their congregation as it was considered a menace. These fishes are now landed in large quantities.



Deck of boat filled with balistid catch

The balistid catch was supported predominantly by *Odonus niger* and small quantities of *Sufflamen fraenatus.* Due to its low cost (Rs. 2.50-3.00 per kg), some local traders have been utilizing this as a fish meal substitute in poultry feeds.

Realising the financial benefits, some trawlers ventured directly for balistids, as it offered an assured catch and return. Each boat landed about 5 to 20 t per trip depending on the hull and deck capacity and got revenue of Rs. 15,000 to 60,000/- per trip. During the period July-September, a total of 7,336 t and in October-December, 19,289 t of balistids were landed at Tuticorin Fisheries harbour. In December alone, more than 90% of the trawlers concentrated exclusively on this resource and landed 9,836 t of balistids which formed 95.2% of the total fish catch.

(*Tuticorin Research Centre*)

### बालिस्टिड्स - टूटिकोरिन तट की एक बदल वाणिज्यिक मात्स्यिकी

लेथर जैकेट्स (बालिस्टिड्स) जुलाई / अगस्त महीनों के दौरान टूटिकोरिन तट पर झुंडों में पायी जाती हैं। पिछले वर्षों में कम मूल्य की वजह से मछुआरे लोग इस मछली समुच्चय को नहीं पकडते थे। लेकिन अब बडी मात्रा में इसका अवतरण किया जाता है।

बालिस्टिड पकड में मुख्यतः *ओडोनस नीगर* और छोटे पैमाने में *सफ्लामेन फ्रेनाटस* भी सम्मिलित होते हैं। कम मूल्य (2.00-3.00 रु./ कि.ग्रा.) के कारण स्थानीय विपणनकार कुकुट खाद्य में मछली खाद्य संपूरक के रूप में इसे इस्तेमाल करते हैं।

अच्छी पकड और इस से प्राप्त आर्थिक लाभ मानते हुए कुछ आनायक परिचालकों ने सीधा बालिस्टिड मात्स्यिकी को लक्ष्य करते हुए परिचालन प्रयास किया। हर एक बोट को हल्ल और डेक की क्षमता के अनुसार पकड प्राप्त हुआ और प्रति ट्रिप में 15,000 से 60,000/- रुपए का राजस्व भी प्राप्त हुआ। टूटिकोरिन मात्स्यिकी पोताश्रय से जुलाई - सितंबर की अवधि में कुल 7,336 टन और अक्तूबर - दिसंबर की तिमाही में 19,289 टन बालिस्टिडों का अवतरण किया गया। दिसंबर महीने में 90% से अधिक आनायक इस संपदा के विदोहन में लगे हुए और इनको 9,836 टन बालिस्टिडों को प्राप्त हुआ, जो इस महीने के कुल मछली का 95.2% था।

(*टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र*)

### Large feeding congregation of juvenile ribbonfish and their fishery in Tuticorin

Ribbon fishes which supported the commercial fishery prior to nineties along the Tuticorin coast declined drastically thereafter. However in December 2007, few trawlers operating for deep sea prawns harvested huge quanti-ties of ribbonfishes. This fishery continued throughout the month and landed nearly 62 t. Catch was constituted exclusively by *Trichiurus lepturus* juveniles of 28 to 39 cm in total length. Gut contents showed that they are feeding on deep sea prawns, indicating it as a feeding congregation. This has raised the hope that fishery of this highly sought after fish may revive in the coming years.

(*Tuticorin Research Centre*)



Ribbonfish heap ready for auctioning

### टूटिकोरिन में किशोर फितामीनों और इनकी मात्स्यिकी का बडा समुच्चयन

फीतामीन नब्बे के वर्षों से पहले टूटिकोरिन तट पर वाणिज्यिक मात्स्यिकी का प्रमुख भाग था, लेकिन इसके बाद स्टॉक में घटती हुई। दिसंबर 2007 में गभीर सागर झींगों की पकड में लगे हुए कुछ आनायकों को भारी मात्रा में फीतामीन प्राप्त हुए। यह मात्स्यिकी पूरे महीने में जारी रही और करीब 62 टन की मछली प्राप्त हुई। पकड में सिर्फ 28-29 से मी कुल लंबाई होने वाले *ट्राइक्यूरस लेप्ट्यूरस* थे। आंत्र की वस्तुओं का विश्लेषण करने पर व्यक्त हो गया कि ये गभीर समुद्र के झींगों को खाती थी, जिस से इनका समूहन स्वभाव भी व्यक्त हो जाता है। इस से आगामी वर्षों में इस मात्स्यिकी में पुनरुज्जीवन की प्रत्याशा उत्पन्न होती है।

(*टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र*)

### Olive Ridley turtles in peril

Mass mortality of Olive Ridley turtles (40-45 numbers) was

### ओलीव राइडली कच्छप खतरे पर

विशाखपट्टणम के परवाडा मंडल के टिक्कावैपालम समुद्र पुलिन में 23 - 27

observed in Tikkavaipalem beach, Parawada Mandal, Visakhapatnam during 23-27 December 2007.

(*Visakhapatnam Regional Centre*)

दिसंबर 2007 के दौरान ओलीव राइडली कच्छपों की भारी मृत्यु हुई।

(*विशाखपट्टणम क्षेत्रीय केंद्र*)

### Gender studies on the differential roles of fishermen and fisherwomen

Gender studies on the differential roles of fishermen and fisherwomen were conducted by making use of various participatory techniques such as social mapping, time line, daily routine diagram, seasonal analysis and mobility maps in selected villages in Dakshina Kannada District.



**Villagers involved in PRA exercises**

(*Mangalore Research Centre*)

### विभिन्न कार्यक्षेत्रों के मछुआ महिलाओं और मछुआरों पर लिंग अध्ययन

दक्षिण कन्नड जिला में विभिन्न कार्यक्षेत्रों के मछुआरा महिलाओं और मछुआरों पर लिंग अध्ययन चलाया गया। सामाजिक मानचित्रण, समय रेखा, दैनिक नेमी चित्रण, मौसमिक विश्लेषण और गतिशीलता मानचित्रण जैसे विभिन्न भागीदारी तकनीक प्रयुक्त करके यह अध्ययन चलाया गया।

(*मांगलूर अनुसंधान केंद्र*)

### Ghost net recovered from Visakhapatnam inshore waters

One bottom set gill net was recovered on 26th July 2007 from the inshore waters of Visakhapatnam (17°43’30” N; 83°25’73” E) while conducting experimental bottom trawling by CIFT vessel CIFTECH-I at a depth of 39 m. The gill net soaked in mud was 52 m long and 6 m high with a mesh size of 2.5 cm, made of monofilament thread. Crabs (3 nos.), puffer fishes (2 nos.) and *Murex* sp. (12 nos.) were found entangled in the net.

### विशाखपट्टणम के अभितटीय समुद्र से प्राप्त बेकार जाल

सी आइ एफ टी का समुद्री पोत CIFTECH - I द्वारा विशाखपट्टणम के अभितटीय समुद्र में (17°43' 30"N; 83° 25' 73" E) 39 मीटर की गहराई में परीक्षणात्मक नितलस्थ आनायन करने के दौरान दिनांक 26 जुलाई, 2007 को एक बेकार बोटम सेट गिल जाल प्राप्त हुआ। कीचड में डूबे हुए जाल की लंबाई 52 मीटर, ऊँचाई 6 मीटर और जालाक्षि आकार 2.5 से.मी. थे। जाल मोनोफिलमेन्ट धागा से बुनाया गया था। जाल में केकडे (3), पफर मछलियाँ (2) और *म्यूरेक्स* जाति (12) फँस गए थे।

## NEW HEIGHTS

**Dr. C. Ramachandran, Dr. R. Sathiadhas, Shri. Said Koya** and **Shri. Muhasin**, won the ‘Joint Best Paper Award’ during the Special Symposium on ‘Gender and Fisheries’ at the 8th Asian Fisheries Forum, Cochin, 20-23 November, 2007.

**Dr. V. Kripa** and **Dr. V.P. Vipinkumar** bagged the award for the ‘Commended Paper’ during the Special Symposium on ‘Gender and Fisheries’ at the 8th Asian Fisheries Forum, Cochin, 20-23 November, 2007.



**Winners of ‘Joint Best Paper Award’ with Dr. Meryl Williams, Former DG, World Fish Centre**

**Dr. Kajal Chakrabory,** Scientist, PNP Division was awarded the **Pran Vohra Award (2007-2008)** for his significant research achievements in Agricultural Sciences from Indian Science Congress Association.

## नए मान

**डॉ. सी. रामचन्द्रन**, **डॉ. आर. सत्यदास**, **श्री. सेयद कोया** और **श्री. मुहासिन** ने कोचीन में 20 - 23 नवंबर, 2007 के दौरान आयोजित 8 वां एशियन फिशरीस फोरम में “लिंग और मात्स्यिकी” पर आयोजित परिचर्चा में ‘उत्कृष्ट संयुक्त लेख पुरस्कार’ जीत लिया।




**Dr. V. P. Vipinkumar receiving the Award from Dr. Chan Lui Lee, President, Asian Fisheries Society**

**डॉ. वी. कृपा** और **डॉ. वी.पी. विपिनकुमार** ने कोचीन में 20-23 नवंबर, 2007 के दौरान आयोजित 8 वां एशियन फिशरीस फोरम में ‘लिंग और मात्स्यिकी’ पर आयोजित परिचर्चा में ‘सराहनीय लेख’ पुरस्कार जीत लिया।

**डॉ. काजल चक्रबर्ती,** वैज्ञानिक, पी एन पी प्रभाग को कृषि विज्ञान में अपनी उत्कृष्ट अनुसंधान उपलब्धियों के लिए सयन्स कोंग्रेस असोसिएशन द्वारा स्थापित **प्राण वोरा पुरस्कार (2007 - 2008)** प्राप्त हुआ।

## NEW RESEARCH INITIATIVES

- The Department of Biotechnology (DBT) has sanctioned a project on "Development of species-specific DNA markers in economically important shellfish species, green mussel (*Perna viridis*) and edible oyster (*Crassostrea madrasensis*) for their application in farming and resource management" with a budget of Rs.35.39 lakhs. The P.I. is Dr. K.K. Vijayan and Co-PIs are Dr. P.C. Thomas and Dr. K.S. Mohammed.
- A DBT sponsored project on "Development of genetically improved strains of Brine shrimp *Artemia* using qualitative and molecular genetic tools" has been initiated. The Project leader is Dr. P.C. Thomas with Dr. K.K. Vijayan, Dr.J. Jayashankar and Dr. Kajal Chakraborty as Co-PIs.

## नई अनुसंधान पहल

- जैवप्रौद्योगिकी विभाग (डी बी टी) ने "आर्थिक प्रमुख कवच मछली जातियों, हरित शंबु (*पेर्ना विरिडिस*) और खाद्य शुक्ति (*क्रासोस्ट्रिया माड्रासेन्सिस*) के पालन और संपदा पालन के लिए इन के जाति विशेष डी एन ए मार्केर्स का विकास" विषयक, 35.39 लाख रुपए की बजट की परियोजना की मंजूरी दी है। परियोजना का प्रधान अन्वेषक डॉ. के.के. विजयन और सह प्रधान अन्वेषक डॉ. पी.सी तोमस और डॉ. के.एस. मोहम्मद हैं।
- "गुणात्मक और आण्विक आनुवंशिक साधन उपयुक्त करके लवण जल चिंगट *आर्टीमिया* के आनुवंशिक प्रभेदों का विकास" विषय पर जैवप्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित परियोजना के कार्य शुरू किए गए। परियोजना का प्रधान अन्वेषक डॉ. पी.सी. तोमस और सह प्रधान अन्वेषक डॉ. के.के. विजयन, डॉ. जे. जयशंकर और डॉ. काजल चक्रबर्ती हैं।

## ACADEMIC NEWS

### Ph. D. Awardees

**Smt. Sujitha Thomas**, Scientist, Marine Biodiversity Division, Mangalore Research Centre of CMFRI was awarded the Degree of Doctor of Philosophy of the University of Calicut, Kerala in December 2007 for her thesis entitled "Studies on some aspects of biology and population dynamics of short-neck clam *Paphia malabarica* (Chemnitz) in Dharmadom Estuary, North Kerala, Southwest Coast of India".

**Shri. Joe K. Kizhakudan**, Scientist (SS), Mariculture Division, Madras Research Centre of CMFRI was awarded the Degree of Doctor of Philosophy of the University of Bhavnagar, Gujarat, in December 2007 for his work on "Reproductive biology, ecophysiology and growth in the mud spiny lobster, *Panulirus polyphagus* (Herbst, 1793) and the sand lobster, *Thenus orientalis* (Lund, 1793)"

**Shri. V. Mohan**, Technical Officer T-5 (Library and Documentation) was awarded Ph.D. degree in Library and Information Science by the Annamalai University in December 2007 for his thesis entitled "Mapping of Coral Reef Research Literature: A global perspective"

## शैक्षिक समाचार

### पी एच. डी. पुरस्कार

**श्रीमती सुजिता तोमस,** वैज्ञानिक, समुद्री जैव विविधता प्रभाग सी एम एफ आर आइ का मांगलूर अनुसंधान केंद्र को "भारत के उत्तर पश्चिम तट के उत्तर केरल के धर्मडम नदीमुख की छोटा गर्दन वाली सीपी *पाफिया मलबारिका* (चेम्नि्ट्स) के जीव विज्ञान और जीव संख्या गतिकी के कुछ पहलुओं पर अध्ययन" शीर्षक के थिसीस के लिए दिसंबर 2007 में कालिकट विश्वविद्यालय से डॉक्टरी उपाधि प्रदान की गई।

**श्री जो के. किष़क्कूडन,** वैज्ञानिक (एस एस), समुद्री संवर्धन प्रभाग, सी एम एफ आर आइ का मद्रास अनुसंधान केंद्र को "पंक शूली महाचिंगट, *पानुलिरस पोलिफागस* (हेरब्स्ट, 1793) और रेती महाचिंगट, *थीनस ओरिएन्टालिस* (लन्ड, 1793) के पुनरुत्पादन जीवविज्ञान, पारिस्थितिक शरीरक्रिया विज्ञान और बढ़ती" विषयक थिसीस के लिए दिसंबर 2007 में भावनगर विश्वविद्यालय, गुजरात से डॉक्टरी उपाधि प्रदान की गई।

**श्री वी. मोहन,** तकनीकी अधिकारी टी-5 (पुस्तकालय एवं प्रलेख) को अपने "प्रवाल झाड़ी अनुसंधान साहित्य : एक भौगोलिक परिदृश्य" विषयक थिसीस के लिए अण्णामलै विश्वविद्यालय से दिसंबर 2007 में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में पी एच. डी. उपाधि प्रदान की गयी।

## INSTITUTE PUBLICATIONS


### Books

- "Status and Perspectives in Marine Fisheries Research in India" authored by Prof. (Dr.) Mohan Joseph Modayil and Dr. N.G.K. Pillai, has 404 pages with colour plates. This Diamond Jubilee publication is a compendium of 13 review articles on marine fisheries research in India over the past 60 years.

## संस्थान के प्रकाशन

### पुस्तकें

- "भारत में समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान के स्तर और परिप्रेक्ष्य" प्रोफसर (डॉ.) मोहन जोसफ मोडयिल और डॉ. एन.जी.के. पिल्लै द्वारा लिखित और 404 पृष्ठ और रंगीन चित्रों की पुस्तक। पिछले साठ वर्षों में समुद्री मात्स्यिकी के क्षेत्र में हुए अनुसंधान संबंधी 13 लेखों का समाकलन इस रजत जयंती प्रकाशन में किया है।




- "Indian Fisheries: A Progressive Outlook"- a CMFRI Diamond Jubilee Publication edited by Dr. K. K. Vijayan, Dr. P. Jayasankar and Dr. P. Vijayagopal. This book encompasses 12 thematic articles on a wide array of subjects ranging from marine biotechnology to disaster management and has 202 pages.

- "Down Memory Lane" - a compilation by Prof. (Dr.) Mohan Joseph Modayil, Dr. C. Ramachandran and Mrs. N. R. Letha Devi. This Diamond Jubilee Publication gives glimpses of the nostalgic moments of elders who have served the institute during the past 60 years.

- "A Field Guide to the Common Marine Molluscs of India" a handbook useful for the field-level identification of common marine molluscs, authored by Prof. (Dr.) Mohan Joseph Modayil.

## CMFRI Special Publications

- "An Atlas on the Elasmobranch Fishery Resources of India" - CMFRI Special Publication No.95 authored by Dr. S. G. Raje, Dr. S. Sivakami, Dr. G. Mohanraj, Dr. P. P. Manojkumar, Dr. A. Raju and Dr. K. K. Joshi and has 253 pages. The atlas provides information on the distribution of different species of sharks, skates and rays of India along with their biological characteristics and diagnostic features with illustrations.




- "CMFRI Publications by the Staff, 1996-2006, Bibliography Part IV" - CMFRI Special Publication No. 96 is one of the Diamond Jubilee Publications of the Institute. The bibliography which carries a total of 2039 titles was compiled by Shri. Edwin Joseph, Dr. V. Mohan and Shri. R. Manjeesh.


## Brochures

- "Glimpses of CMFRI" highlights the mandate, activities and major research achievements of the Institute in brief.

- "Marine Biodiversity Referral Museum" gives a glimpse of the museum and its exhibits at CMFRI Headquarters, Cochin.

## Pamphlets

- "Marine Fisheries Profile - India" brought out by the Fishery Resources Assessment Division, CMFRI provides group-wise fishery information of the commercial finfish and shellfish resources of India. Besides, fishery information of each maritime state was also brought out as separate pamphlets.




- “भारतीय मात्स्यिकी : एक प्रगामी दृष्टिकोण” - डॉ. के.के. विजयन, डॉ. पी.जयशंकर और डॉ. पी. विजयगोपाल द्वारा संपादित सी एम एफ आर आइ हीरक जयंती प्रकाशन। कुल 202 पृष्ठों की इस पुस्तक में 12 लेखों में समुद्री जैव प्रौद्योगिकी से आपदा प्रबंधन तक के विषयों का विस्तृत विवरण किया गया है।

- “डाउन मेमोरी लैन” - प्रोफसर (डॉ.) मोहन जोसफ मोडियिल, डॉ. सी. रामचन्द्रन और श्रीमती एन.आर. लतादेवी द्वारा संकलित पुस्तक। इस हीरक जयंती प्रकाशन में पिछले 60 वर्षों के दौरान संस्थान में सेवारत वरिष्ठ व्यक्तियों के अतीत की यादों की झलक व्यक्त की गयी है।

- प्रोफसर (डॉ.) मोहन जोसफ मोडयिल द्वारा लिखित “भारत के सामान्य समुद्री मोलस्कों पर एक फील्ड गाइड” सामान्य समुद्री मोलस्कों के खेत-स्तर की पहचान के लिए उपयोगी हस्तपुस्तिका।

## सी एम एफ आर आइ विशेष प्रकाशन

- “भारत की उपास्थिमीन मात्स्यिकी संपदाओं पर एक मानचित्र” डॉ. एस. जी. राजे, डॉ. एस. शिवकामी, डॉ. जी. मोहनराज, डॉ. पी.पी. मनोजकुमार, डॉ. ए. राजू और डॉ. के.के. जोषी द्वारा रचित यह पुस्तक 253 पृष्ठों की है। पुस्तक में भारत में मौजूद सुरा, स्केट और रे मछलियों की विभिन्न जातियों के वितरण और जीव विज्ञानीय विशेषताओं और पहचाने गए लक्षणों का चित्र सहित विवरण दिया गया है।

- “सी एम एफ आर आइ कर्मचारियों के प्रकाशनों की ग्रंथसूची 1996-2006 भाग IV” सी एम एफ आर आइ विशेष प्रकाशन सं. 96-संस्थान की हीरक जयंती के प्रकाशनों में एक है। कुल 2039 शीर्षकों वाली इस ग्रंथसूची का संकलन श्री एड्विन डोसफ, डॉ. वी. मोहन और श्री आर. मंजीष द्वारा किया गया है।

## विवरणिकाएं

- “सी एम एफ आर आइ एक झलक” में संस्थान के अधिदेश, कार्यविधियों और प्रमुख अनुसंधान उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है।

- “समुद्री जैव विविधता रफरल संग्रहालय” में सी एम एफ आर आइ मुख्यालय, कोचीन के संग्रहालय में प्रदर्शित नमूनों का विस्तृत चित्रण मिलता है।

## पाम्फ्लेट

- “समुद्री मात्स्यिकी प्रोफाइल-इंडिया” सी एम एफ आर आइ के मात्स्यिकी संपदा निर्धारण प्रभाग द्वारा तैयार की गई यह पाम्फ्लेट भारत की वाणिज्यिक पख मछली और कवच मछली संपदाओं पर वर्गवार मात्स्यिकी सूचना प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त हर एक समुद्रवर्ती राज्य की मात्स्यिकी सूचनाएं अलग अलग पाम्फ्लेटों में तैयार की गयी हैं।

# TRANSFER OF TECHNOLOGY

## Training

During Oct.-Dec., 2007, the *Krishi Vigyan Kendra* (KVK) of CMFRI, Narakkal has organized 22 training courses for 484 beneficiaries under different disciplines including 7 courses in Fisheries (158 beneficiaries), 7 in Agriculture (145 beneficiaries) and 8 in Home Science (181 beneficiaries).




***Mahila* Meet on cooking energy saving organized by KVK**

The beneficiaries included practicing farmers, rural youth and extension functionaries. The different topics covered under the fishery training programmes included, breeding and rearing of Pearl spot, *Etroplus suratensis*; coastal aquaculture; shrimp farming; ornamental fish culture and brackishwater finfish farming. Under agriculture, the subjects dealt were organic farming; kitchen gardening; mushroom spawn production and mushroom cultivation while under Home Science, fish processing for value addition; solar drying of fish; mushroom processing and soap making formed the curriculum.

The courses on Coastal aquaculture under fisheries were the third and fourth in the series of programmes funded by the NFDB wherein a total of 42 farmers participated. The course covered various aspects like shrimp farming, brackishwater finfish farming, farming of mussels, oysters and seaweeds and integrated fish farming. The valedictory function of the fourth training course was covered by the Kochi (FM) Station of All India Radio.



**Demonstration of pond preparation to the trainees at KAU Campus, Puthuvaipu**

The training courses under Home Science are the second in the series of programmes funded by NFDB on 'Fish dressing centres and solar drying of fish' in which a total of 15 coastal women benefited. Dressing of fish under ideal conditions and preparation of products including pickle, wafers, cutlet, fish balls, solar drying of fish and packing and marketing of fishery products were the areas



**KVK trainees preparing fish pickle**

# प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

## प्रशिक्षण



**A beneficiary receiving the Hay Box used for saving cooking energy**

सी एम एफ आर आइ के कृषि विज्ञान केंद्र, नारक्कल ने अक्तूबर - दिसंबर, 2007 के दौरान कुल 484 हिताधिकारियों के लिए विभिन्न विषयों में कुल 22 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए गए। इन में, मात्स्यिकी में 7 (158 हिताधिकारी), कृषि में 7 (145 हिताधिकारी) और गृह विज्ञान में 8 पाठ्यक्रम (181 हिताधिकारी) सम्मिलित थे।

हिताधिकारियों में खेती कार्य में लगे हुए किसान लोग, ग्रामीण युवा लोग और विस्तार कार्यों में लगे हुए लोग भी थे। मात्स्यिकी विषय के अंदर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में पेर्ल स्पोट, *एट्रोप्लस सुराटेन्सिस* के प्रजनन एवं पालन; तटीय जलकृषि, चिंगट पालन, अलंकारी मछली पालन और पश्चजल पख मछली पालन सम्मिलित थे। कृषि के अंदर चलाए गए पाठ्यक्रमों में ओर्गानिक फार्मिंग; शाक - वाटिका, खुम्भी बीजांकुरों का उत्पादन और खुम्भी पैदावार तथा गृह विज्ञान के अंदर मूल्य वर्धन के लिए मछली संसाधन; मछली का सूर्यतपन; खुम्भी संसाधान और साबुन उत्पादन सम्मिलित थे।

मात्स्यिकी के अंदर तटीय जलकृषि के पाठ्यक्रम एन एफ डी बी द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान किए गए कार्यक्रमों की श्रेणी में तीसरा और चौथा था। इन पाठ्यक्रमों में चिंगट पालन, पख मछली पालन और केकडा पालन में लगे हुए कुल 42 किसानों ने भाग लिया। पाठ्यक्रम में चिंगट पालन, पश्च जल पख मछली पालन, शंबु, शुक्ति और समुद्री शैवाल पालन तथा समेकित मछली पालन जैसे विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। उक्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का समापन कार्यक्रम आकाशवाणी के कोच्ची (एफ एम) स्टेशन द्वारा संप्रेषित क्रिया गया।

गृह विज्ञान के अंदर 'मछली उपचार केंद्र और मछली का सूर्य तपन' विषयक प्रशिक्षण एन एफ डी बी द्वारा निधिबद्ध कार्यक्रमों की श्रेणी में दूसरा था जिसमें कुल 15 तटीय महिलाओं ने लाभ उठाया। इस के अंदर मछलियों का अच्छा उपचार; अचार, वेफर, कटलेट, फिश बॉल की

covered. Apart from the instructional facilities including the services of resource persons available at the KVK, those of different organizations such as the Central Institute of Fisheries Technology and *Matsyafed* (Govt. of Kerala) were availed for the effective implementation of the programme.

### Front Line Demonstration Programmes organized

***Cultivation of tissue-cultured banana***

Demonstration of cultivation of tissue-cultured banana, var. *Nenthran* was inaugurated by the President, Mookkannur Grama Panchayat, at Mookkannur, near Angamaly on 5th October 2007. More than 25 beneficiaries participated in the programme.

***Mussel farming***

Demonstration of mussel farming was organized at Narakkal on 13th Dec., 2007. More than 75 persons including farmers, scientists, technicians, extension personnel and members of local Panchayat administration participated in the programme inaugurated by Smt. Philomina Antony, President, Narakkal Grama Panchayat.



**Inauguration by Smt. Philomina Antony, President Narakkal Grama Panchayat**

***Awareness programmes organized***

